देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 16 अंक: 200 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

# पेज श्री

देहरादून, शुक्रवार, 12 नवंबर 2021

**विचार-प्रवाह...**
न्यायपालिका पर काम का बोझ





मौसम अधिकतम 24.0° न्यूनतम 13.0°

40243.39

2 भारत-रूस दोस्ती होगी और मजबूत

7 खुद निशा दहिया ने कहा- जिंदा हूं

# कोरोना अभी नहीं हुआ है खत्म

## कोविन को अब होगा जिला स्तर पर एक्शन प्लान के लिए इस्तेमालः मांडविया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया गुरूवार को कोरोना टीकाकरण को लेकर को राज्य और केंद्रीय शासित प्रदेशों के स्वास्थ्य मंत्रियों के साथ बैठक की है। इसमें उन्होंने साफ कर दिया है कि सरकार इस बात को नहीं सोच रही है कि कोविड-19 महामारी खत्म हो गई है। उन्होंने ये भी कहा कि अब कोविन एप का इस्तेमाल जिला आधारित एक्शन प्लान के लिए भी किया जा सकता है। उन्होंने सभी राज्यों से केंद्र द्वारा शुरू किए गए हर घर दस्तक अभियान के तहत तेजी से कोविड टीकाकरण को आगे बढ़ाने का भी निर्देश दिया है। उन्होंने अपील की है कि इससे कोई भी घर छूटना नहीं चाहिए।

गौरतलब है कि केंद्र सरकार की तरफ से कुछ दिन पहले ही शहर घर दस्तक अभियान शुरू किया गया है। इसमें 18 साल से ऊपर के उन लोगों का कोरोना टीकाकरण किया जाएगा, जो अब तक इससे छूटे हुए हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री की आज होने वाली बैठक इसी के मद्देनजर बुलाई थी। वर्चुअली रूप से हुई इस बैठक में सभी राज्यों के स्वास्थ्य मंत्रियों और अधिकारियों ने हिस्सा लिया है।

बता दें कि देश में कोरोना के मामलों में लगातार कमी आ रही है। बीते कुछ दिनों से देश में 13 हजार से कम कोरोना संक्रमण के मामले सामने आ रहे हैं। गौरतलब है कि केंद्र सरकार द्वारा जनवरी 2021 में शुरू किया था। इस टीकाकरण के जरिए अलग-अलग चरणों में अलग-अलग आय वर्ग के लोगों का टीकाकरण किया जा चुका है। यहां पर ये भी बता दें कि भारत ने विश्व में सबसे तेजी से 100 करोड़ खुराक देने वाला देश बन चुका है।

अब सरकार इस अभियान को और अधिक तेजी के साथ आगे बढ़ाना चाहती है। सरकार की कोशिश है कि वो जल्द से जल्द देश में अधिक से अधिक लोगों को इस दायरे में रखते हुए उनकी सुरक्षा को सुनिश्चित करा सके, जिससे देश की अर्थव्यवस्था का पहिया तेजी से घूम सके।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के ताजा आंकड़े बताते हैं कि देश में अब वैक्सीन की कुल 1,09,63,59,208 खुराक दी जा चुकी हैं। बीते 24 घंटों के दौरान देश भर में टीके की 52,69,137 खुराक दी गई हैं।

### सक्रिय मामलों में कुल संक्रमणों का 0.40 प्रतिशत शामिल

नए कोरोना वायरस संक्रमणों में दैनिक वृद्धि 34 सीधे दिनों के लिए 20,000 से नीचे रही है और लगातार 137 दिनों में 50,000 से कम दैनिक नए मामले सामने आए हैं। मंत्रालय ने कहा कि सक्रिय मामलों में कुल संक्रमणों का 0.40 प्रतिशत शामिल है, जो मार्च 2020 के बाद सबसे कम है, जबकि राष्ट्रीय कोविड-19 रिकवर दर 98.25 प्रतिशत दर्ज की गई है, जो मार्च 2020 के बाद से सबसे अधिक है।



### पिछले 24 घंटों में 13 हजार केस हुए दर्ज

दुनिया में कोरोना वायरस को आए हुए दो साल होने वाले हैं और आज भी इस महामारी का कहर देखने को मिल रहा है। इस बीच भारत में कोविड-19 के ताजा आंकड़े केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा जारी किए गए हैं। गुरुवार को ताजा अपडेट के अनुसार, भारत ने पिछले 24 घंटे की अवधि में 13,091 नए कोरोना वायरस के मामले दर्ज किए। इसके साथ ही देश में कोविड-19 मामलों की कुल संख्या 3 करोड़ 44 लाख 01 हजार 670 हो गई है, जबकि सक्रिय मामले घटकर 1,38,556 हो गए, जो 266 दिनों में सबसे कम है।

### देश भर में टीकाकरण अभियान जारी

राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द राष्ट्रपति भवन में राज्यपालों और उप राज्यपालों के 51वें सम्मेलन की अध्यक्षता कर रहे हैं। इसमें सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के राज्यपाल और उप राज्यपाल के अलावा, उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह शामिल हुए हैं। राज्यपालों और उपराज्यपालों को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि आज हम 2 साल के लंबे अंतराल के बाद मिल रहे हैं। कोविड महामारी का सामना करने में विश्व का सबसे व्यापक और प्रभावी अभियान भारत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चलाया गया। हमारे सभी कोरोना योद्धाओं ने असाधारण त्याग और निष्ठा के साथ अपने कर्तव्य का निर्वाह किया।

## संक्षिप्त समाचार

### कुलगाम में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

श्रीनगर। कश्मीर के कुलगाम जिला में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ शुरू हो गई है। फिलहाल सुरक्षाबलों ने आतंकियों को घेराबंदी कर फायरिंग शुरू कर दी है। कुलगाम के चवलगाम क्षेत्र में सुरक्षाबलों ने दो से तीन आतंकियों को घेरा है।सुरक्षाबलों को अभी तक एक आतंकी को मार गिराने में सफलता मिली है। अन्य विवरण प्रतीक्षारत हैं।

### महाराष्ट्र की सियासत में उबाल जारी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

मुंबई। महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की पत्नी अमृता फडणवीस ने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के नेता और उद्धव सरकार में मंत्री नवाब मलिक को कानूनी नोटिस भेजा है। बता दें कि इससे पहले नवाब मलिक के दामाद समीर खान ने पूर्व मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को निराधार आरोप लगाने के लिए मानहानि नोटिस भेजा।

# स्वास्थ्य से खिलवाड़ करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा

## मिलावट से संबंधित मामलों की फास्ट ट्रैक में हो सुनवाई: मुख्य सचिव

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्य सचिव डॉ. एस. एस. सन्धु ने गुरुवार को सचिवालय में खाद्य पदार्थों में मिलावट के सम्बन्ध में उच्चाधिकारियों के साथ बैठक ली। मुख्य सचिव ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि खाद्य पदार्थों में मिलावट रोकने के लिए ठोस योजना तैयार की जाए। उन्होंने कहा कि मिलावटखोरों को एहसास कराना आवश्यक है कि आमजन के स्वास्थ्य से खिलवाड़ करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने टेस्टिंग लैब निर्माण में तेजी लाने के भी निर्देश दिए हैं। साथ ही, खाद्य पदार्थों में मिलावट को रोकने के लिए अभियान चलाए जाएं। यह अभियान सिर्फ त्यौहारी सीजन को देखते हुए न हो, बल्कि इसे नियमित आधार पर चलाया जाए।

मुख्य सचिव ने कहा कि फूड एडल्ट्रेशन को रोकने के लिए सख्त से सख्त कदम उठाए जाने चाहिए। उन्होंने कहा कि जब तक इसके प्रति आमजन जागरूक नहीं होगा तब तक फूड एडल्ट्रेशन को रोकना आसान नहीं होगा। उन्होंने कहा कि मिलावटखोरों की जानकारी देने वालों को रिवार्ड भी दिया जाना चाहिए ताकि लोग जानकारी देने को प्रोत्साहित हों।

मुख्य सचिव ने मिलावट से संबंधित मामलों की जनपदवार रिपोर्ट उपलब्ध कराए जाने के निर्देश देते हुए कहा कि यह भी बताया जाए कि किस जनपद में कितने मामले कब से पेंडिंग हैं। उन्होंने मिलावट से संबंधित सभी मामलों को फास्ट ट्रैक पर निपटाने के निर्देश दिए। कहा कि मिलावट के गंभीर मामलों को प्राथमिकता के साथ शीघ्र से शीघ्र फैसला किया जाए। इस अवसर पर सचिव अमित नेगी एवं कमिश्नर फूड सेफ्टी डॉ. पंकज कुमार पाण्डेय सहित अन्य उच्चाधिकारी उपस्थित थे।

### टाइम लाइन निर्धारित किए जाने के निर्देश



मुख्य सचिव ने कहा कि नियमित जांच और कठोर कार्रवाई से ही खाद्य पदार्थों में मिलावटखोरी को रोका जा सकता है। उन्होंने इसके लिए ठोस एक्शन प्लान के साथ ही इसके कार्यान्वयन की टाइम लाइन निर्धारित किए जाने के निर्देश दिए।

# खुर्शीद की लिखी किताब पर मचा सियासी बवाल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। पूर्व केंद्रीय मंत्री और कांग्रेसी नेता सलमान खुर्शीद की एक किताब सनराइज ओवर अयोध्या पर बवाल मचा हुआ है। इसके लांच के कुछ घंटों बाद ही इस पर बवाल भी खड़ा हो गया। बवाल की वजह इसमें लिखे कुछ विवादित अंश हैं, जिसकी वजह से खुर्शीद मीडिया की भी सुर्खियां बने हुए हैं। खुर्शीद पर आरोप लगाया जा रहा है कि उन्होंने इस किताब के जरिए हिंदुत्व को बदनाम करने की कोशिश की है।

दरअसल, इस किताब में उन्होंने हिंदुत्व की तुलना आतंकी संगठन आईएसआईएस और बोको हरम से की है। अयोध्या पर आए सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर खुर्शीद ने कहा कि उन्हें लगता था कि वो उस फैसले की व्याख्या करें जिससे वो कभी जुड़े हुए थे। उनकी इस किताब पर भाजपा नेता कपिल मिश्रा ने सोशल मीडिया के जरिए जबरदस्त हमला बोला है। उनका कहना है कि बहुसंख्यक हिंदू देश में मुस्लिमों को जितना सम्मान मिला है उसके बाद भी खुश नहीं है। मन में इतना जहर भरा हुआ है क्यों?

खुर्शीद की इस किताब पर दिल्ली के एक वकील विनीत जिंदल ने भी पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने भी हिंदुत्व की आईएस से तुलना किए जाने पर अपनी आपत्ति दर्ज कराई है। इसमें उन्होंने लिखा है कि किताब के जिस अध्याय में इसका जिक्र है उसको सैफ्रान स्काई का नाम दिया गया है और ये किताब का पेज नंबर 113 है। शिकायत में ये आरोप लगाया है कि ऐसा लिखकर खुर्शीद ने हिंदुओं की भावनाएं भड़काने का काम किया है। अपनी शिकायत में जिंदल ने कहा है कि देश का संविधान हर किसी को आजादी से बोलने और अपनी बात रखने का अधिकार देता है, लेकिन इसको जरिया बनाकर भावनाओं को भड़काना, राष्ट्र की गलत छवि बनाना एक अपराध है।

### बवाल

■किताब में हिंदुत्व की तुलना कट्टर जिहादी और आतंकी संगठनों से की

**Are you Planning to make a Website or already have ?**
*If yes, then we are here to serve you*

What we do

Website Development
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

Promotion & Branding
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

Search Engine Optimisation
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
Gadoli Media Ventures
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

# भारत आई चोरी हुई मां अन्नपूर्णा की मूर्ति

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारत से 100 साल पहले चोरी कर कनाडा भेजी गई मां अन्नपूर्णा की मूर्ति वापस लाई जा चुकी है। मूर्ति को उत्तर प्रदेश में काशी विश्वनाथ मंदिर में 15 नवंबर को स्थापित किया जाएगा। उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री सुरेश राणा और नीलकंठ तिवारी ने आज मां अन्नपूर्णा की मूर्ति को नई दिल्ली में प्राप्त किया। केंद्रीय मंत्री मीनाक्षी लेखी और जीके रेड्डी ने यूपी सरकार को मूर्ति सौंपी।

इस मौके पर मीनाक्षी लेखी ने कहा कि एक समय था जब भारत की परंपराएं टूटे हुए घड़े के समान रिसरिस कर देश के बाहर जा रही थीं और आज उसको मरम्मत और मजबूत करके वापिस संजोने का काम हो रहा है।

मां अन्नपूर्णा की पुनर्स्थापना यात्रा 13 नवंबर को लखनऊ पहुंचेगी। प्रदेश के विभिन्न जिलों से होते हुए यात्रा लखनऊ पहुंचेगी। यात्रा को यादगार बनाने के लिए विभिन्न तरह की तैयारियां की गई हैं। इसके तहत अलग-अलग स्थानों पर भाजपा कार्यकर्ता व श्रद्धालु फूलों की वर्षा करेंगे।

### 15 नवंबर को काशी विश्वनाथ मंदिर में की जाएंगी स्थापित